इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम–मिनी रत्न)
INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.
(A Govt. of India Entrprise-Mini Ratna)
CIN: L74899DL1999GOI101707
Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com

प्रेस नोट

नई दिल्ली 29.01.2021 सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय रेल की प्रथम कॉर्पोरेट ट्रेन ''तेजस एक्सप्रेस'' (गाड़ी सं0– 82501/82502) जिसका संचालन आई.आर.सी.टी.सी. द्वारा लखनऊ जं0 से नई दिल्ली के मध्य किया जाता है, को दिनांक 14.02.2021 से पुनः संचालित किया जा रहा है। अब यात्रीगण शताब्दी एक्सप्रेस के किराये के लगभग ही व्यय करते हुए तेजस एक्सप्रेस की खानपान एवं समस्त सुविधाओं का लाभ उठाते हुए यात्रा कर सकेंगे। तेजस एक्सप्रेस चलाने का निर्णय निम्न मुख्य विन्दुओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है :–

1. इस ट्रेन का संचालन सभी सीट की बुकिंग करते हुए सप्ताह में 04 दिन शुक्रवार, शनिवार, रविवार एवं सोमवार होगा।
2. लखनऊ जं0 से नई दिल्ली का ए.सी. चेयर कार श्रेणी का किराया रू0 870/– होगा जबकि कानपुर से नई दिल्ली का किराया रू0 780/– होगा। ए.सी.चेयर कार के किराये में 40% (273) यात्री बुकिंग तक, यात्री किराये में बेस फेयर से कोई वृद्धि नहीं होगी। उसके पश्चात् डायनमिक फेयर प्रणाली के अंतर्गत किराये में प्रत्येक 10% की वृद्धि होगी जो कि किराये का अधिकतम 30% तक ही होगा। इसके पश्चात् किराये में कोई वृद्धि नहीं होगी।
3. इस ट्रेन की ए.आर.पी. 30 दिनों की होगी।
4. फेयर टेबल निम्नवत् है :–

Train	From	To	Class	Fare	
				Friday, Monday	Saturday, Sunday
82501	LJN	NDLS	CC	870	950
82501	CNB	NDLS	CC	780	850

आई.आर.सी.टी.सी. का यही प्रयास है कि हम यात्रियों को स्टेशन आगमन पर कोविड–19 प्रोटोकॉल के तहत थर्मल स्कैनिंग, लगेज सैनेटाइजेशन के साथ–साथ उत्कृष्ठ सुविधाये यथा आतिथ्य–सत्कार हेतु रेल होसटेस, सुरक्षा गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरा, प्रत्येक यात्री को सेफ्टी किट(फेस शील्ड, मास्क, ग्लब्स, हैण्ड सैनेटाइज़र ट्यूब/शैसे), खानपान सुविधा के लिए क्षेत्रीय व्यंजनों के साथ स्वादिष्ट भोजन, शुद्ध पानी हेतु ऑन–बोर्ड आर.ओ. वाटर की अतिरिक्त व्यवस्था एवं चाय–काफी की असीमित सुविधा, पूरी यात्रा के दौरान ऑन–बोर्ड मनोरंजन सेवायें, ऑन–बोर्ड ट्रेवल एवं टूरिज़्म पत्रिका, समाचार पत्र, यात्रा की अवधि के दौरान घर में चोरी/डकैती के लिए रू0 1 लाख के कवरेज के साथ प्रत्येक यात्री के लिए रू0 25 लाख का मुफ्त यात्रा बीमा प्रदान करते हुए तेजस एक्सप्रेस में यात्रा करायें।